Think *WISE*
Act *SAFE*
Value *LIFE*

Safety through Spiritual Life-Skills

Time for Action

30th March 2013

दैवी परिवार के भाइयों और बहनों

सड़क सुरक्षा टीम, मुंबई की ओर से बेहद खुशी की शुभकामनाएं !

ब्रह्मकुमारीज का सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रयास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेवाऐं करने का एक सुअवसर लेकर आया है। संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कोलेबरेशन ने दिनांक ***6 मई से 12 मई*** तक के सप्ताह को ***ग्लोबल सड़क सुरक्षा सप्ताह*** घोषित किया है। इस वर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम है- ***पदचालकों की सुरक्षा।*** इस अंतर्राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिए सेवा केंद्रों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की एक प्रस्तावित रूपरेखा प्रस्तुत की जा रही है:

1. ***ई-मेलर*** :- आध्यात्मिक ज्ञान और व्यवहार के आधार पर प्रसंग अनुसार विशेष विषय पर छोटे-छोटे आकर्षक ई – मेल तैयार किए जाएंगे। इन्हें बीके भाई बहनों, सहयोगी और संपर्क में आने वाले लोगों, कॉर्पोरेट हॉउसेस के एचआर टीमों को भी दिया जाए, और उन्हें अनुरोध किया जाए कि सड़क सुरक्षा जागृति बढ़ाने हेतु इसे अपने कर्मचारियों के हित में जारी करें।

2. ***ड्राईवरों, युवाओं तथा अन्य संस्थाओं/ सामाजिक ग्रुपों के साथ चर्चाएं:-*** सभी आयु वर्ग के लोगों के साथ विशेषकर ड्राइवरों के साथ सड़क सुरक्षा से संबंध में पारस्परिक विचार गोष्टियाँ आयोजित की जा सकती हैं। इस पत्र के अंत में कुछ संबंधित विषय तथा लिंक्स उपलब्ध कराए गए हैं।

3. ***सड़क सुरक्षा शपथ अभियान*** :- कुछ स्थानों तथा अन्य उपयुक्त जगहों पर सड़क सुरक्षा शपथ अभियान चलाए जा सकते हैं। ऑन लाइन शपथ के लिए http://www.bkroadsafety.org/road-safety-pledge लिंक उपलब्ध है।

4. ***पब्लिक कार्यक्रम*** :- सड़क सुरक्षा सप्ताह के आयोजन के संबंध में पब्लिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं जिसमें विभिन्न संबंधित ग्रुप जैसे पब्लिक ट्रांस्पोर्ट कम्पनी, ट्रैफिक पुलिस, अन्य ट्रैफिक प्राधिकारी, सड़क विकास प्राधिकरण , ऑटोमोबाइल कंपनियों, बीमा कंपनियों, सदमें के रोगियों की देखभाल से जुडे कर्मचारियों ट्रैफिक प्रबंधन संस्थान आदि के कर्मचारियों को शामिल किया जा सकता है। पदचालकों की सुरक्षा का थीम बहुत अधिक लोगों को प्रभावित करेगा।

5. ***धन्यवाद कार्ड्स*** :- पूरे सप्ताह के दौरान ट्रांस्पोर्ट वाहनों के ड्राइवरों को धन्यवाद कार्ड्स बाँटने का कार्य जोर शोर से किया जा सकता है।

6. ***रेडियो पर चर्चाएं*** :- पैदल चलने वालों की सुरक्षा और आध्यात्म का योगदान विषय पर लोगों के साथ इंटरव्यु और चर्चाओं को रेडियो पर प्रसारित करना। मीडिया के इस माध्यम द्वारा प्रभावी सेवाएं की जा सकती हैं क्योंकि ड्राईवर और यात्रा करने वाली जनता इस माध्यम का अधिक से अधिक उपयोग करते हैं।

7. ***मास मीडिया और सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों का उपयोग*** :- सड़क सुरक्षा के लिए आ सुरक्षा आध्यात्मिक समाधान को बढ़ावा देने के लिए चर्चाएं, इंटरव्यु प्रेस विज्ञप्तियाँ और इस परियोजना के सोशल मीडिया लिंक्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

सभी सेवा केंद्र इस सूची में से उनसे संबंधित कार्यों और प्रभावी विषयों का चुनाव कर सकते हैं।

इस अंतर्राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रारंभ में किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार होंगे।

I. सभी बीके भाई बहनों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होना।

II. वैबसाईट और सोशल मीडिया को लोकप्रिय बनाने में सहायता करना।

III. इसी प्रकार के कार्य करने वाली स्थानीय गैर सरकारी संस्थाओं के संपर्क में रहना।

सड़क सुरक्षा सप्ताह में ब्रह्मकुमारीज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शामिल होने से सड़क सुरक्षा में आध्यात्म योगदान की नई अवधारणा पर मीडिया का भी ध्यान आकर्षित होगा।

अध्यात्म द्वारा सुरक्षा, मन के विचारों के ट्रैफिक का नियंत्रण तथा हीलिंग हेबिट आदि विषयों पर चर्चाओं, रेडियो शो तथा पब्लिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है। ये विषय निम्नलिखित लिंक्स पर उपलब्ध हैं।

http://docs.google.com/folder/d/OB31gXpkn-PCS2xPS2UtbORPQW8/edit

http://docs.google.com/folder/d/OB31gXpkn-PCS2xPS2UtbORPQW8/edit?usp=sharing

हम इस प्रस्ताव के लिए आपके मूल्यवान विचारों और सुझावों का स्वागत करते हैं।

सधन्यवाद।

अध्यात्मिक सेवा में,

बीके दिव्यप्रभा,

नेशनल कॉर्डीनेटर

ट्रांस्पोर्ट एवं ट्रेवल विंग, आर ई आर एफ

Phone: BK Divya – 09870500526 Email: bkroadsafety01@gmail.com

www.bkroadsafety.org www.facebook.com/BK.Road.Safety